INTERMEDIATE EXAM
PAPER-4
Cost & Management Accounting

# GWS2(H)

1 2 JAN 2026

Roll No. ............................

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **24**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the descriptive answer book.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having / using mobile phone or smart watch or any other electronic gadget will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II

**70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

## PART – II

1. (a) ABC Limited manufactures four products A, B, C and D in the same factory. The following information is given for a certain period : 5

| Particulars | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| Input Materials (in units) | 600 | 400 | 400 | 200 |
| Average Yield | 80% | 90% | 96% | 72% |

The finished goods' packaging cost is ₹ 4,600.

Other information :

(1) All the products are packed in boxes where each box is having capacity of 24 units.

(2) Product A and product B are packed in larger boxes whereas product C and product D are packed in smaller boxes, which cost half the price of bigger box.

(3) Each box contains only one type of product. There is no product mix up in packaging.

You are required to :

(i) Find out how many large and small boxes are used.

(ii) Find out the cost of per large box and per small box.

(iii) Allocate the packaging cost among the four finished products.

(b) ECO Cotton Limited manufactures two joint products Cotton Fiber, Cotton Seed and a by-product Cotton Linters by processing a raw cotton. 5

The joint processing costs are ₹ 1,46,100.

Joint products can be further processed and sold at a higher market price, with some sales promotion efforts whereas, by-product Cotton Linters can be sold only after further processing.

The relevant details of three products are as follows : -

| Particulars | Cotton Fiber | Cotton Seed | Cotton Linters |
|---|---|---|---|
| Output (in kgs.) | 2,800 | 1,800 | 300 |
| Selling price at the split-off point (per kg.) | ₹ 90 | ₹ 60 | - |
| Further processing cost (per kg.) | ₹ 9 | ₹ 6 | ₹ 2 |
| Further marketing cost (per kg.) | ₹ 5 | ₹ 2 | ₹ 1 |
| Selling price after further processing (per kg.) | ₹ 110 | ₹ 67 | ₹ 10 |

You are required to : -

(i) Show how joint cost would be apportioned between Cotton Fiber and Cotton Seed using the sales value at split-off, after crediting net realisable value of by-product Cotton Linters.

(ii) Determine the total profit or loss if the joint products are sold without further processing.

(iii) Which of the joint products can be processed further for maximizing profits using incremental analysis of profit ?

(c) Worker 'X' of M/s ABC Manufacturing Ltd. was assigned a Job no 101. He began the job on 1st June at 9:00 A.M. and completed on 4th June at 12:00 P.M. There are 9 working hours in a day from 9:00 A.M. onwards. Work done and approved was 1,800 units. 4

Other information :

Standard quantity per hour : 45 units per hour

Wage rate : ₹ 150 per hour

Bonus (Halsey plan) : 50 % of time saved

You are required to calculate the remuneration of worker X on the basis of Halsey plan and Rowan Plan.

2. (a) Dhol Makers Ltd. sold 6,000 units of a musical instrument "Dholak". 9

The cost data for the year ended 31st March, 2025 is as follows :

| Particulars | (₹) |
|---|---|
| Expenses paid for pollution control and maintenance | 93,400 |
| Expenses paid for quality control check activities | 70,000 |
| Lease rent of production assets | 1,20,000 |
| Hire charges paid for hiring specific equipment | 315 per hour |
| Primary packing cost | 51,600 |
| Direct Labour Wages | 6,00,000 |
| Fee paid for technical assistance | 1,26,000 |
| Opening stock of finished goods as on 1st April, 2024 (2,000 units) | 10,10,000 |
| Closing stock of finished goods as on 31st March, 2025 (1,000 units) | ? |
| Cost of production | 27,50,000 |

It is further ascertained that :

(1) Labour is paid @ ₹ 1,000 per labour hour.

(2) Specific equipment is hired for the number of labour hours worked.

(3) The company follows the 'First-In, First-Out' (FIFO) method for closing stock valuation.

(4) Selling and distribution overhead is ₹ 25 per dholak.

(5) Profit is 20% on sales.

You are required to prepare a cost sheet showing :

(i) Raw material consumed

(ii) Prime cost

(iii) Works/Factory cost

(iv) Cost of goods sold

(v) Cost of sales

(vi) Net profit & Sales

(b) A producer of oils purchases 400 litres of oil at ₹ 75 per litre in containers of 40 litres each. Other expenses at the process were ₹ 37,350 including an abnormal loss of ₹ 12,500 due to an accident. Normal waste at the process is 10%. Waste is sold at ₹ 10 per litre and each empty container is sold for ₹ 50. Generally 10% of containers gets damaged so badly that they became unsalable. However in the given situation, more containers were damaged and only 5 containers were in saleable condition. Actual output was 375 litres which is sold at a profit of 20% on cost. 5

You are required to prepare Process Account and Income Statement.

3. (a) Gold Drive bank is having a branch which is engaged in processing of 'Gold Loan' and 'Car Loan' applications in addition to other services to customers. 8

The bank has hired three direct professional workers for processing 'Gold Loan' applications and four direct professional workers for processing 'Car Loan' applications.

In addition to above, following expenses are incurred by the branch :

(1) Branch manager who supervises all the activities of branch, is paid at ₹ 1,10,000 per month.

(2) Legal charges, printing & stationery and advertising expenses are incurred at ₹ 28,000, ₹ 15,000 and ₹ 20,000 respectively for a month.

(3) Other expenses are ₹ 51,000 per quarter.

(4) Depreciation on building is ₹ 4,20,000 per annum.

(5) Overhead costs of the branch allocable to processing of 'Gold Loan' applications and to 'Car Loan' applications is 20% & 15% respectively of total overhead costs of the branch.

Number of applications processed :

- 'Gold Loan' – 400 application per month; and
- 'Car Loan' – 500 applications per month.

You are required to :

(i) Compute the total salary of direct professionals for processing of 'Gold Loan' and 'Car Loan' applications respectively, by assuming that cost of processing a 'Car Loan' application is same as 'Gold Loan' application.

(ii) Find out the total cost of processing a 'Car Loan' application.

(b) Wings Institute of Air-hostess training, has reserved a spacious training hall for ₹ 25,000 on a weekly basis with a seating capacity of 320 trainees. The institute has designed an intensive training schedule comprising 3 training session per day, 5 days a week for 25 weeks, on aviation and hospitability. **6**

Training delivered by the lead trainer to whom a honorarium of ₹ 3,600 per training session is paid. In addition, she receives travel reimbursement of ₹ 500 per day and refreshments costing ₹ 1,200 per week to maintain comfort and focus during sessions.

She also takes 2 lectures per week on safety and customer services during weekends only at ₹ 5,000 per lecture (inclusive of travelling and refreshment expenses), ensuring complete coverage of aviation education. Trainee support services covering utilities and essential training aids amount to ₹ 2,020 per week.

You are required to :

(i) Calculate the total cost per training batch.

(ii) Determine the minimum training fee per trainee in a batch to cover costs, if the batch is fully occupied.

(iii) If the institute targets 20% profit margin on the training fee and decides to charge ₹ 14,800 per trainee, then calculate minimum percentage of batch size to be filled.

4. (a) The following data pertaining to a company engaged in manufacturing and sale of a single product during the year : 7

| Particulars | Budget | Actual |
|---|---|---|
| Sales (in units) | 60,000 | 66,000 |
| Sales (₹) | 1,80,00,000 | 2,14,50,000 |
| Direct Materials (₹) | 28,80,000 | 36,30,000 |
| Direct labour (₹) | 43,20,000 | 52,80,000 |
| Variable Overheads (₹) | 72,00,000 | 81,84,000 |

Additional information is given below :

| | Standard (₹) | Actual (₹) |
|---|---|---|
| Direct Material price per kg | 10 | 8 |
| Direct labour rate per hour | 10 | 12 |

You are required to calculate :

(i) Direct material usage variance

(ii) Direct material price variance

(iii) Direct labour efficiency variance

(iv) Direct labour rate variance

(v) Variable overhead cost variance

(b) The following financial information is available for a company with a normal production capacity of 40,000 units for the year ended 31st March, 2025 : 7

- Sales amounted to ₹ 8,00,000, Units sold : 35,000 units.
- There was no opening or closing stock of finished units.
- Direct material and direct wages costs were ₹ 3,50,000 and ₹ 2,00,000 respectively.

- Actual factory expenses were ₹ 1,00,000, of which 55% were fixed.
- Administrative expenses related to production activities incurred during the year but not paid were ₹ 50,000, which were entirely fixed.
- Actual selling and distribution expenses amounted to ₹ 20,000, of which 35% were fixed.
- The company earned interest and dividend income totalling ₹ 10,000.

You are required to prepare :

(i) The cost sheet and ascertain the profit as per cost accounts for the year ended 31st March, 2025, assuming that the indirect expenses are absorbed on the basis of normal production capacity; and

(ii) A statement reconciling the profits shown by financial and cost accounts.

5. (a) A machine shop has 6 identical drilling machines manned by 4 operators. The machine cannot be worked without an operator wholly engaged on it. The original cost of all these machines works out to ₹ 3,00,000. **6**

These particulars are furnished pertaining to a period of 4 months :

| | |
|---|---|
| Normal available hours per month | 156 hrs. |
| Absenteeism (without pay) hours | 9 hrs. |
| Leave (with pay) hours | 10 hrs. |
| Normal idle time unavoidable hours | 5 hrs. |
| Average rate of wages per worker for 6 hours a day | ₹ 450 |
| Production bonus estimated | 20% on wages |
| Value of power consumed | ₹ 20,500 |
| Supervision and indirect labour | ₹ 8,500 |
| Lighting and electricity | ₹ 4,500 |

These particulars are furnished for a year :

Repairs and maintenance including consumables - 2% per annum of value of machines.

Depreciation - 15% per annum of original cost.

Other sundry works expenses - ₹ 12,000 p.a.

General management expenses allocated - ₹ 24,000 p.a.

The machine shop has taken an annual insurance for all 6 machines also. Given that the comprehensive machine hour rate for 4 months period is ₹ 125 per machine hour.

You are required to find out the total amount of annual insurance premium.

(b) Following data is available for XYZ Ltd. for the month of March 2025 : **5**

| | |
|---|---|
| Standard working hours | 7 hours per day of 5 days per week |
| Number of weeks in the month | 4 weeks |
| Maximum Capacity (No. of employees) | 60 employees |
| Actual working (No. of employees) | 42 employees |
| Actual Capacity Usage Ratio | 65% |
| Activity Ratio | 125% |

Calculate the following :

(i) Actual Hours worked

(ii) Standard Hours for actual output

(iii) Standard Capacity Usage Ratio

(iv) Actual Usage of Budgeted Capacity Ratio

(c) A company can make any one of the 2 products M or S during the year. It can exercise its option only at the beginning of each year. 3

Relevant information about the products for the next year is given below :

| Particulars | M | S |
|---|---|---|
| Selling Price (₹/unit) | 75 | 45 |
| Variable Cost (₹/unit) | 45 | 30 |
| Market Demand (in units) | 3,000 | 8,000 |
| Production Capacity (in units) | 4,000 | 7,000 |
| Fixed Cost (₹) | 1,20,000 | |

You are required to compute the opportunity cost for each of the product.

6. (a) Classify the following items of expenses by functions and variability : 5

| S. No. | Item | Function | Variability/Behaviour |
|---|---|---|---|
| (i) | Consumable Store | | |
| (ii) | General Manager's salary | | |
| (iii) | Delivery van expenses | | |
| (iv) | Compensation (fixed salary plus commission on sales) | | |
| (v) | Rent of finished goods warehouse | | |

(b) Suggest a suitable incentive scheme to a factory for its workers, keeping in view the following : 5

(i) The entire gains of improved production should not go to the workers.

(ii) In the name of speed, quality should not suffer.

(iii) The rate setting department being newly established are liable to commit mistakes.

(c) Discuss the usefulness/suitability of Activity Based Costing. 4

**OR**

(c) Discuss the four components of Budgetary Control System. 4

भाग – II

(Hindi Version)

1. (a) ABC लिमिटेड एक ही कारखाने में A, B, C एवम् D चार उत्पादों का निर्माण करती है । एक निश्चित अवधि के लिए निम्न सूचनाएँ दी गई हैं : 5

| ब्यौरा | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| आगम सामग्री (इकाइयों में) | 600 | 400 | 400 | 200 |
| औसत उत्पादन | 80% | 90% | 96% | 72% |

तैयार माल की पैकिंग लागत ₹ 4,600 है ।

अन्य सूचनाएँ :

(1) सभी उत्पादों को बक्सों में पैक किया जाता है जहाँ प्रत्येक बक्सा 24 इकाइयों की क्षमता रखता है ।

(2) उत्पाद A एवम् उत्पाद B को बड़े बक्सों में पैक किया जाता है जबकि उत्पाद C एवम् उत्पाद D को छोटे बक्सों में पैक किया जाता है जिसकी लागत बड़े बक्सों से आधी है ।

(3) प्रत्येक बक्से में केवल एक ही प्रकार का उत्पाद होता है । पैकिंग में उत्पादों को मिलाया नहीं जाता है ।

आपसे अपेक्षित है :

(i) ज्ञात कीजिए कितने बड़े एवम् छोटे बक्से उपयोग किए गए ।

(ii) प्रत्येक बड़े बक्से एवम् छोटे बक्से की लागत ज्ञात कीजिए ।

(iii) पैकिंग लागत को चारों तैयार उत्पादों पर आबंटित कीजिए ।

(b) ECO कॉटन लिमिटेड कपास (Raw Cotton) के प्रसंस्करण द्वारा दो संयुक्त उत्पाद कॉटन फाइबर, कॉटन सीड एवम् एक उपोत्पाद कॉटन लिंटर का निर्माण करती है । 5

संयुक्त प्रक्रियण लागतें ₹ 1,46,100 हैं ।

संयुक्त उत्पादों का आगे प्रक्रियण किया जा सकता है एवम् कुछ विक्रय प्रचार-प्रसार प्रयासों द्वारा अधिक बाजार मूल्य पर बेचा जा सकता है जबकि उपोत्पाद कॉटन लिंटर केवल आगे प्रक्रिया करने के बाद ही बेचा जा सकता है ।

तीनों उत्पादों के प्रासंगिक विवरण निम्न प्रकार हैं :

| ब्यौरा | कॉटन फाइबर | कॉटन सीड | कॉटन लिंटर |
|---|---|---|---|
| उत्पादन (कि.ग्रा. में) | 2,800 | 1,800 | 300 |
| विभाजन बिन्दु पर विक्रय मूल्य (प्रति कि.ग्रा.) | ₹ 90 | ₹ 60 | - |
| आगे की प्रक्रिया लागत (प्रति कि.ग्रा.) | ₹ 9 | ₹ 6 | ₹ 2 |
| आगे की विपणन लागत (प्रति कि.ग्रा.) | ₹ 5 | ₹ 2 | ₹ 1 |
| आगे की प्रक्रिया के बाद विक्रय मूल्य (प्रति कि.ग्रा.) | ₹ 110 | ₹ 67 | ₹ 10 |

आपसे अपेक्षित है :

(i) दर्शाइए कि उपोत्पाद कॉटन लिंटर के शुद्ध वसूली मूल्य को क्रेडिट करने के बाद, विभाजन पर विक्रय मूल्य का उपयोग करके संयुक्त लागतों को किस प्रकार कॉटन फाइबर तथा कॉटन सीड के मध्य विभाजित किया जाएगा ?

(ii) लाभ अथवा हानि ज्ञात कीजिए यदि संयुक्त उत्पाद बिना आगे प्रक्रिया के बेचे जाते हैं ।

(iii) लाभ का वृद्धिशील विश्लेषण करते हुए किस संयुक्त उत्पाद की आगे प्रक्रिया की जा सकती है जिससे लाभ अधिकतम हो ?

(c) मैसर्स ABC मैन्यूफैक्चरिंग लिमिटेड के श्रमिक X को एक कार्य संख्या 101 के लिए नियुक्त किया गया है । उसने कार्य 1 जून को 9:00 A.M. पर आरम्भ किया एवम् 4 जून को 12:00 P.M. पर समाप्त किया । 9:00 A.M. के बाद एक दिन में 9 कार्यात्मक घण्टे होते हैं । पूर्ण एवम् स्वीकृत कार्य 1,800 इकाइयाँ था । 4

अन्य सूचनाएँ :

| | | |
|---|---|---|
| प्रति घंटा मानक इकाइयाँ | : | 45 इकाइयाँ प्रति घण्टा |
| श्रम दर | : | ₹ 150 प्रति घण्टा |
| बोनस (हैल्से नीति) | : | बचाए गए समय का 50% |

आपसे हैल्से नीति एवम् रोवन नीति के आधार पर श्रमिक X के पारिश्रमिक की गणना अपेक्षित है ।

2. (a) Dhol Makers लिमिटेड ने संगीतमय यंत्र "ढोलक" की 6,000 इकाइयों का विक्रय किया। 9

31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लागत समंक निम्न हैं :

| ब्यौरा | (₹) |
|---|---|
| प्रदूषण नियंत्रण एवम् रखरखाव के लिए प्रदत्त व्यय | 93,400 |
| गुणवत्ता नियंत्रण जाँच क्रियाकलापों के लिए प्रदत्त व्यय | 70,000 |
| उत्पादन सम्पत्तियों का पट्टा किराया | 1,20,000 |
| विशिष्ट उपकरण भाड़े पर लेने के लिए प्रदत्त भाड़ा | 315 प्रति घण्टा |
| प्राथमिक पैकिंग लागत | 51,600 |
| प्रत्यक्ष श्रमिक मजदूरी | 6,00,000 |
| तकनीकी सहायक को प्रदत्त फीस | 1,26,000 |
| 1 अप्रैल, 2024 को तैयार माल का आरम्भिक स्टॉक (2,000 इकाइयाँ) | 10,10,000 |
| 31 मार्च, 2025 को तैयार माल का अंतिम स्टॉक (1,000 इकाइयाँ) | ? |
| उत्पादन की लागत | 27,50,000 |

इसके अलावा यह पता लगाया गया है कि :

(1) श्रमिकों को @ ₹ 1,000 प्रति श्रम घण्टा भुगतान किया जाता है।

(2) विशिष्ट उपकरण कार्यात्मक श्रम घण्टों की संख्या के लिए भाड़े पर लिया गया है।

(3) अंतिम स्टॉक के मूल्यांकन के लिए कम्पनी 'पहले आना, पहले जाना' (FIFO) विधि का अनुसरण करती है।

(4) विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय ₹ 25 प्रति ढोलक है।

(5) लाभ विक्रय पर 20% है।

आपसे एक लागत प्रपत्र का निर्माण अपेक्षित है जो दर्शाए :

(i) उपभोग की गई सामग्री

(ii) मुख्य लागत

(iii) कार्य/कारखाना लागत

(iv) विक्रित माल की लागत

(v) विक्रय की लागत

(vi) शुद्ध लाभ एवम् विक्रय

(b) एक तेल के उत्पादक ने ₹ 75 प्रति लिटर पर प्रत्येक 40 लिटर के डिब्बों में 400 लिटर तेल का क्रय किया । दुर्घटना के कारण ₹ 12,500 की असामान्य हानि सहित प्रक्रिया के अन्य व्यय ₹ 37,350 थे । प्रक्रिया का सामान्य अपशिष्ट 10% है । अपशिष्ट को ₹ 10 प्रति लिटर एवम् प्रत्येक खाली डिब्बे को ₹ 50 के लिए बेचा जा सकता है । सामान्यत: 10% डिब्बे इतनी बुरी तरह खराब हो जाते हैं जो कि बेचने योग्य नहीं होते । हालाँकि दी गई स्थिति में ज्यादा डिब्बे खराब हो गए एवम् केवल 5 डिब्बे ही बेचे जा सकने की स्थिति में थे । वास्तविक उत्पादन 375 लिटर था जो कि लागत पर 20% लाभ पर विक्रय किया गया । 5

आपसे प्रक्रिया खाता एवम् आय विवरण का निर्माण अपेक्षित है ।

3. (a) Gold Drive बैंक की एक शाखा है जो कि ग्राहकों को अन्य सेवाओं के अतिरिक्त 'गोल्ड लोन' एवम् 'कार लोन' आवेदनों के प्रसंस्करण में संलिप्त है । 8

बैंक ने 'गोल्ड लोन' आवेदनों की प्रक्रिया के लिए तीन प्रत्यक्ष व्यावसायिक कर्मचारी एवम् 'कार लोन' आवेदनों की प्रक्रिया के लिए चार प्रत्यक्ष व्यावसायिक कर्मचारी नियुक्त किए हैं ।

उपरोक्त के अतिरिक्त, शाखा द्वारा निम्न व्यय वहन किए गए हैं :

(1) शाखा प्रबंधक, जो शाखा की सभी गतिविधियों का निरीक्षण करता है, को प्रति माह ₹ 1,10,000 का भुगतान किया जाता है ।

(2) वैधानिक प्रभार, प्रिंटिंग & स्टेशनरी तथा विज्ञापन व्यय क्रमशः ₹ 28,000, ₹ 15,000 एवम् ₹ 20,000 प्रति माह वहन किए गए हैं ।

(3) अन्य व्यय ₹ 51,000 प्रति तिमाही है ।

(4) भवन पर ह्रास ₹ 4,20,000 प्रति वर्ष है ।

(5) गोल्ड लोन आवेदनों एवम् कार लोन आवेदनों पर आबंटनीय शाखा की उपरिव्यय लागतें कुल शाखा लागतों का क्रमशः 20% एवम् 15% है ।

प्रक्रिया किए गए आवेदनों की संख्या :

- गोल्ड लोन – 400 आवेदन प्रति माह ; एवम्
- कार लोन – 500 आवेदन प्रति माह

आपसे अपेक्षित है :

(i) यह मानते हुए कि कार लोन आवेदनों की प्रक्रिया लागत गोल्ड लोन आवेदनों की प्रक्रिया लागत के समान है, गोल्ड लोन एवम् कार लोन के आवेदनों की प्रक्रिया के लिए प्रत्यक्ष व्यावसायिकों के कुल वेतन की गणना कीजिए ।

(ii) एक कार लोन आवेदन के प्रक्रियण की कुल लागत ज्ञात कीजिए ।

(b) वायु परिचारिका प्रशिक्षण के Wings इंस्टीट्यूट ने एक बड़ा प्रशिक्षण भवन ₹ 25,000 प्रति सप्ताह के आधार पर 320 प्रशिक्षणार्थी की क्षमता के लिए आरक्षित किया है । इंस्टीट्यूट ने 25 सप्ताह के लिए, जिसमें सप्ताह में 5 दिन, 3 प्रशिक्षण सत्र प्रति दिन शामिल हैं, वैमानिकी एवम् आतिथ्य पर एक गहन प्रशिक्षण समयसारणी की रूपरेखा तैयार की है ।

प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक द्वारा दिया जाएगा जिन्हें ₹ 3,600 प्रति प्रशिक्षण सत्र मानदेय दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त वो ₹ 500 प्रति दिन यात्रा प्रतिपूर्ति एवम् ₹ 1,200 प्रति सप्ताह अल्पाहार के लिए सत्र के दौरान आराम एवम् फोकस को बनाए रखने के लिए प्राप्त करेंगे ।

वह वैमानिक शिक्षा की पूर्णता के लिए, सुरक्षा एवम् ग्राहक सेवा पर 2 व्याख्यान सप्ताहांत के दौरान ₹ 5,000 प्रति व्याख्यान (यात्रा एवम् अल्पाहार व्ययों सहित) लेंगे । प्रशिक्षणार्थी सहायक सेवाएँ, जिसमें उपयोगिताएँ एवम् अनिवार्य प्रशिक्षण सामग्री सम्मिलित है, ₹ 2,020 प्रति सप्ताह है ।

आपसे अपेक्षित है :

(i) प्रति प्रशिक्षण समूह की कुल लागत की गणना ।

(ii) लागत को वसूल करने के लिए न्यूनतम प्रशिक्षण फीस ज्ञात कीजिए यदि समूह (Batch) पूर्णता भरा हुआ हो ।

(iii) यदि इंस्टीट्यूट प्रशिक्षण फीस पर 20% लाभ मार्जिन लक्षित करता है एवम् ₹ 14,800 प्रति प्रशिक्षणार्थी चार्ज करता है, तो न्यूनतम समूह आकार (Batch size), जिससे समूह भरा हो, की प्रतिशतता की गणना कीजिए ।

4. (a) वर्ष के दौरान एक कम्पनी के एक एकल उत्पाद के निर्माण एवम् विक्रय से सम्बन्धित समंक निम्न हैं : 7

| ब्यौरा | बजट | वास्तविक |
|---|---|---|
| विक्रय (इकाइयों में) | 60,000 | 66,000 |
| विक्रय (₹) | 1,80,00,000 | 2,14,50,000 |
| प्रत्यक्ष सामग्री (₹) | 28,80,000 | 36,30,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम (₹) | 43,20,000 | 52,80,000 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय (₹) | 72,00,000 | 81,84,000 |

अतिरिक्त सूचनाएँ नीचे दी गई हैं :

| | मानक (₹) | वास्तविक (₹) |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री का मूल्य प्रति कि.ग्रा. | 10 | 8 |
| प्रत्यक्ष श्रम दर प्रति घण्टा | 10 | 12 |

आपसे अपेक्षित गणना है :

(i) प्रत्यक्ष सामग्री उपयोग विचरण

(ii) प्रत्यक्ष सामग्री कीमत विचरण

(iii) प्रत्यक्ष श्रम कुशलता विचरण

(iv) प्रत्यक्ष श्रम दर विचरण

(v) परिवर्तनशील उपरिव्यय लागत विचरण

(b) 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक कम्पनी की सामान्य उत्पादन क्षमता 40,000 इकाइयों के साथ निम्न वित्तीय सूचनाएँ उपलब्ध हैं : 7

- विक्रय राशि ₹ 8,00,000, विक्रय इकाइयाँ : 35,000 इकाइयाँ
- तैयार इकाइयों का कोई आरम्भिक अथवा अंतिम स्टॉक नहीं था ।
- प्रत्यक्ष सामग्री एवम् प्रत्यक्ष श्रम लागत क्रमशः ₹ 3,50,000 एवम् ₹ 2,00,000 थी ।

- वास्तविक कारखाना व्यय ₹ 1,00,000 थे जिसमें 55% स्थायी थे ।
- वर्ष के दौरान उत्पादन गतिविधियों से सम्बन्धित वहन किए गए प्रशासनिक व्यय, जो भुगतान नहीं किए गए, ₹ 50,000 थे, जो कि पूर्णतः स्थायी थे ।
- वास्तविक विक्रय एवम् वितरण व्यय ₹ 20,000 की राशि के थे जिसमें से 35% स्थायी थे ।
- कम्पनी ने ब्याज एवम् लाभांश की कुल ₹ 10,000 की आय अर्जित की ।

आपसे बनाना अपेक्षित है :

(i) 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक लागत प्रपत्र एवम् यह मानते हुए कि अप्रत्यक्ष व्यय सामान्य उत्पादन क्षमता पर अवशोषित किए जाते हैं, लागत लेखों के अनुसार लाभ का पता लगाना ।

(ii) वित्तीय एवम् लागत खातों द्वारा दर्शाए गए लाभ के समन्वय का विवरण ।

5. (a) एक मशीन की दुकान में 4 ऑपरेटरों द्वारा संचालित 6 एक जैसी ड्रिल करने वाली मशीने हैं । मशीन पर पूरी तरह से ऑपरेटर को लगाए बिना, काम नहीं किया जा सकता । इन सभी मशीनों की मूल लागत ₹ 3,00,000 होती है । 6

यह ब्यौरे 4 महीने की अवधि के लिए प्रस्तुत किए गए हैं :

| | |
|---|---|
| प्रति माह सामान्य उपलब्ध घण्टे | 156 घण्टे |
| अनुपस्थिति (वेतन के बिना) के घण्टे | 9 घण्टे |
| छुट्टी (वेतन के साथ) के घण्टे | 10 घण्टे |
| सामान्य निष्क्रिय समय अपरिहार्य घण्टे | 5 घण्टे |
| प्रति दिन 6 घण्टे के लिए प्रति कामगार मजदूरी की औसत दर | ₹ 450 |
| अनुमानित उत्पादन बोनस | मजदूरी का 20% |
| उपभोग की गई बिजली का मूल्य | ₹ 20,500 |
| देखरेख एवम् अप्रत्यक्ष श्रम | ₹ 8,500 |
| लाइटिंग और बिजली | ₹ 4,500 |

यह ब्यौरे एक वर्ष के लिए हैं :

उपभोग्य सामग्रियों सहित मरम्मत और रखरखाव – मशीनों के मूल्य का 2% प्रति वर्ष

मूल्य ह्रास – मूल लागत का 15%

अन्य विविध कार्यों का व्यय – ₹ 12,000 प्रति वर्ष

सामान्य प्रबंधन के आबंटित व्यय – ₹ 24,000 प्रति वर्ष

मशीन की दुकान ने सभी 6 मशीनों के लिए वार्षिक बीमा भी लिया है । दिया गया है कि व्यापक मशीन की घण्टा दर 4 महीनों की अवधि के लिए ₹ 125 प्रति मशीन घण्टा है । आपसे वार्षिक बीमा प्रीमियम की कुल राशि ज्ञात करना अपेक्षित है ।

(b) मार्च 2025 माह के लिए XYZ लिमिटेड के निम्न समंक उपलब्ध हैं : 5

| | |
|---|---|
| मानक कार्यात्मक घण्टे | 7 घण्टे प्रति दिन सप्ताह के 5 दिनों के लिए |
| माह में सप्ताह की संख्या | 4 सप्ताह |
| अधिकतम क्षमता (कर्मचारियों की संख्या) | 60 कर्मचारी |
| वास्तविक कार्य (कर्मचारियों की संख्या) | 42 कर्मचारी |
| वास्तविक क्षमता उपयोगिता अनुपात | 65% |
| क्रियाकलाप अनुपात (Activity Ratio) | 125% |

निम्न की गणना कीजिए :

(i) वास्तविक कार्यात्मक घण्टे

(ii) वास्तविक उत्पादन के लिए मानक घण्टे

(iii) मानक क्षमता उपयोगिता अनुपात

(iv) बजट क्षमता अनुपात की वास्तविक उपयोगिता

(c) वर्ष के दौरान एक कम्पनी 2 उत्पादों M एवम् S में से किसी भी एक को बना सकती है। वह इस विकल्प का प्रयोग प्रत्येक वर्ष के आरम्भ में कर सकती है। 3

अगले वर्ष से सम्बन्धित उत्पादों के लिए प्रासंगिक सूचनाएँ नीचे दी गई हैं :

| ब्यौरा | M | S |
|---|---|---|
| विक्रय मूल्य (₹/इकाई) | 75 | 45 |
| परिवर्तनशील लागत (₹/इकाई) | 45 | 30 |
| बाजार माँग (इकाइयों में) | 3,000 | 8,000 |
| उत्पादन क्षमता (इकाइयों में) | 4,000 | 7,000 |
| स्थायी लागत (₹) | 1,20,000 | |

आपसे प्रत्येक उत्पाद की अवसर लागत की गणना अपेक्षित है।

6. (a) व्यय की निम्न मदों को कार्य एवम् परिवर्तनशीलता के आधार पर वर्गीकृत कीजिए : 5

| क्रम संख्या | मद | कार्य | परिवर्तनशीलता / स्वभाव |
|---|---|---|---|
| (i) | उपभोग्य भण्डार (Consumable Store) | | |
| (ii) | महा प्रबंधक का वेतन | | |
| (iii) | डिलीवरी वैन के व्यय | | |
| (iv) | क्षतिपूर्ति (स्थायी वेतन जमा विक्रय पर कमीशन) | | |
| (v) | तैयार माल के माल गोदाम का किराया | | |

(b) एक कारखाने को इसके श्रमिकों के लिए निम्न को ध्यान में रखते हुए एक उपयुक्त प्रोत्साहन स्कीम सुझाइए : 5

(i) बेहतर उत्पादन का पूरा अभिलाभ मजदूरों को नहीं मिलना चाहिए ।

(ii) गति के नाम पर गुणवत्ता को आँच नहीं आनी चाहिए ।

(iii) नए स्थापित होने वाले दर निर्धारण विभाग गलतियाँ करने के लिए उत्तरदायी हैं ।

(c) गतिविधि आधारित लागत निर्धारण की उपयोगिता/उपयुक्तता पर विचार-विमर्श कीजिए । 4

**अथवा**

(c) बजटरी नियंत्रण प्रणाली के चार घटकों पर विचार-विमर्श करें । 4

---

# GWS2(H)

रोल नं. ............................

कुल प्रश्नों की संख्या – **6**

कुल पृष्ठ – **24**

अधिकतम अंक – **70**

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II ।
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाईल फोन या स्मार्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित/उपयोग करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

## PART – II

**70 अंक**

1. **PART–II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 का उत्तर देना है ।**
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।